निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने ली जोनवार विभागीय कार्यों की समीक्षा, विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों एवं जनता से जुड़े हुए प्रमुख मुद्दों के विषय में समस्त क्षेत्र की जोनवार समीक्षा बैठक निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने ली! दोपहर 12 बजे से आहूत की गई बैठक में अलग-अलग जोन की बारी-बारी से समीक्षा की गई! श्री रघुवंशी ने समस्त जोन आयुक्तों को निर्देशित करते हुए कहा कि अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करें , शासन स्तर से निगम भिलाई के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत हुए निर्माण कार्यों को निविदा प्रक्रिया मे लाकर निर्माण कार्य प्रारंभ करावे!छोटे-बड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों मे प्रगति लाने के निर्देश दिए गए हैं तथा ऐसे छोटे कार्य जिन्हें निर्धारित अवधि में किए जा सकते हैं शीघ्र पूर्ण कर अवगत कराने कहा गया है! सफाई के संबंध में जोन आयुक्तों को कहा कि गली-मोहल्लों की नालों की सफाई , चौक चौराहों की सफाई, सड़कों की सफाई , डोर टू डोर कलेक्शन नियमित रूप से करावे! जोन के अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए मौसमी बीमारी से बचाव , सफाई व्यवस्था, निर्माण एवं विकास कार्य के बारे में जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सफाई से संबंधित सारे कार्य समय पर हो! अधीक्षण अभियंता को क्षेत्र में दौरा करने के दिए निर्देश अधीक्षण अभियंता आरके साहू एवं सत्येंद्र सिंह को उनको प्रदाय क्षेत्र में दौरा कर विकास कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश आयुक्त महोदय द्वारा दिए गए हैं! बैठक में अधीक्षण अभियंता आरके साहू एवं सत्येंद्र सिंह , उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं तरुण पाल लहरें , समस्त जोन आयुक्त , कार्यपालन अभियंता , लेखा अधिकारी , स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे!